# राजगीर और नालंदा के समग्र विकास के लिए 1050 करोड़ रुपये की स्वीकृति : पर्यटन मंत्री


*** ऐतिहासिक शहरी राजगीर आध्यात्मिक शिक्षा, बौद्ध दर्शन, ध्यान तथा अंतरराष्ट्रीय संवाद का उत्कृष्ट केंद्र बनेगा : पर्यटन मंत्री * हमारी भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है 'अतिथि देवो भव:' : श्रवण कुमार**

**राजगीर ( नालंदा ) ( आससे )।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर के रत्नागिरी पर्वत पर स्थित विश्व शांति स्तूप की 57वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस वर्षगांठ को लेकर देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षुओं एवं धर्मावलंबियों ने भक्ति भावना के साथ भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कर देश में शांति एवं सद्भावना बनी रहे, इसके लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार के पर्यटन मंत्री केदार नाथ गुप्ता, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार तथा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कर किया।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि बिहार की यह पावन भूमि शुरू से ही भगवान बुद्ध के ज्ञान, करुणा और शांति की भूमि रही है। उन्होंने कहा कि राजग. ीर महात्मा बुद्ध के समय से ही एक तीर्थ स्थल रहा है, इतना ही नहीं, धर्मचक्र प्रवर्तन भी यहीं हुआ था। पर्यटन मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में 'वन स्टेट, वन ग्लोबल डेस्टिनेशन' विजन के तहत बोधगया, राजगीर एवं नालंदा के ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन स्थलों को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, अत्याधुनिक सुविधाएं और बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करके भारत को विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। इसके लिए राजगीर एवं नालंदा के समग्र विकास हेतु डेस्टिनेशन रणनीति एवं विकास योजना तैयार की गई है, जिसकी अनुमानित लागत 1050 करोड़ रुपए है। इसे स्वीकृति हेतु पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा गया है, जिसकी शीघ्र स्वीकृति मिलने की संभावना है।

इसके अलावा पर्यटकों के त्वरित एवं सुगम भ्रमण हेतु 'मुख्यमंत्री बिहार हेली टूरिज्म सेवा योजना 2026' में प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत पटना से राजगीर एवं राजगीर से पटना हेली सेवा प्रारंभ की गई है। इसका एक तरफ का किराया 4000 रुपये प्रति व्यक्ति निश्चित किया गया है। वहीं पर्यटन पैकेज के अंतर्गत पटना से राजगीर तथा दूसरे दिन राजगीर से पटना की यात्रा को शामिल किया गया है।





मंत्री ने कहा कि बौद्ध भिक्षु फूजी गुरुजी द्वारा स्थापित यह स्तूप पूरे विश्व के लिए शांति, अहिंसा और करुणा का दिव्य प्रतीक है। राजगीर शांति स्तूप आधुनिक भारत में बनने वाला पहला पैगोडा है और इसने विश्व शांति के विचार में अपार योगदान दिया है।

इस शांति स्तूप के निर्माण को पूरे 5 दशक बीत चुके हैं, फिर भी इस स्तूप की किंवदंती, विरासत और प्रासंगिकता लगातार मजबूत होती जा रही है।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आज की इस वर्षगांठ के मौके पर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम इस महान विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं संरक्षित रखें। हम अपने व्यवहार में अहिंसा, अपने विचारों में उदारता और अपने कर्मों में मानवता को ध्यान में रखेंगे। उन्होंने कहा कि शांति की शुरुआत हमारे परिवार, समाज और आसपास के वातावरण से होती है। जब व्यक्ति दूसरे के दुख को समझेगा, विभिन्न धर्मों का सम्मान करेगा और मतभेदों को संवाद से सुलझाएगा, तभी व्यापक स्तर पर शांति स्थापित हो सकेगी।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित करने तथा बढ़ावा देने की दिशा में काफी कार्य किए हैं।

नीतीश कुमार ने सभी धर्मों से जुड़े ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की पहचान कर उनके विकास और सौंदर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया है। इतना ही नहीं, राजगीर की यह पावन भूमि प्राचीन काल से ही विभिन्न धर्मों और आध्यात्मिक परंपराओं का संगम स्थल रही है। यहां बौद्ध धर्म, जैन धर्म, सनातन धर्म, इस्लाम धर्म, सिख धर्म और ईसाई धर्म से जुड़े लोगों की आस्था, श्रद्धा और सद्भाव का सम्मान किया जाता है। नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में सड़कों, परिवहन सुविधाओं और पर्यटन स्थलों का विकास किया गया है ताकि देश-विद. ेश से आने वाले सैलानियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राजगीर में ग्लास ब्रिज, जू सफारी, घोड़ा कटोरा झील के मध्य भगवान बुद्ध की विशाल प्रतिमा तथा विश्व शांति स्तूप तक पहुंचने के लिए आधुनिक रोपवे जैसी सुविधाओं ने पर्यटन को नई पहचान दी है। इन विकास कार्यों से राजगीर की ऐतिहा. सिक महत्ता के साथ-साथ प्राकृतिक सुंदरता और अंतरराष्ट्रीय आकर्षण में वृद्धि हुई है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है ख्र अतिथि देवो भव:।

इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि भारत और जापान का मैत्री संबंध अटूट विश्वास का प्रतीक रहा है। सांसद ने कहा कि पूज्य फूजी गुरुजी ने जिस उद्देश्य से शांति स्तूप का निर्माण किया था, आज वह पूरे विश्व को शांति का एक सकारात्मक प्रतीक दे रहा है और राजगीर की इस पवित्र भूमि को अंत. रराष्ट्रीय शांति के मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाई है। उनका यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

इस वर्षगांठ के अवसर पर बिहार सरकार एवं पर्यटन विभाग के द्वारा देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षुओं, धर्मावलंबियों, पदाधिकारियों एवं अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जापान से आए विशिष्ट अतिथि एवं संतोकू कंपनी लिमिटेड के सीईओ केनसुके होरियूची, विश्व शांति स्तूप के मुख्य भिक्षु पूज्य एम. आसाई, मुख्य पुजारी टी. ओकोनोगी, बिहार बुद्ध सोसाइटी की सचिव डॉ. श्वेता महारथी, एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता, डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता, एडीएम, नगर अध्यक्ष जीरो देवी, उपाध्यक्ष मुन्नी देवी, नगर परिषद के वरीय वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, जदयू नेता सुरेंद्र राजवंशी, डॉ. जनार्दन उपाध्याय, सुधीर उपाध्याय, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार, रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार, पर्यटक सूचना केंद्र के प्रबंधक संजय कुमार के अलावा राजगीर के प्रबुद्ध नागरिक एवं बौद्ध भिक्षु काफी संख्या में उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें संस्करण को रविवार को बिहारशरीफ नगर मध्य मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 228 स्थित जीनियस टेक्निकल जोन में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के बाद भाजपा जिला मंत्री अमरेश कुमार ने प्रधानमंत्री के संबोधन के मुख्य अंशों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बारह साल पहले विजयादशमी के दिन शुरू हुआ यह कार्यक्रम आज देश का अत्यंत लोकप्रिय संवाद माध्यम बन चुका है। उन्होंने प्रधानमंत्री के संबोधन का हवाला देते हुए कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' के तहत अब बिहार के पूर्णिया का मखाना ग्रीस और कर्नाटक के कलबुर्गी की अरहर दाल मालदीव तक पहुंच रही है, जो आत्मनिर्भर भारत का मजबूत प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने दीपावली और छठ पर्व पर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करने की अपील की है, साथ ही महाराष्ट्र के 'शबरी नेचुरल्स' के आदिवासी उत्पादों को जापान का 'गुड डिजाइन अवार्ड' मिलने को देश के लिए गर्व का विषय बताया। अमरेश कुमार ने अंत में कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश है कि देश की असली ताकत उसकी मिट्टी, आम लोगों की जिजीविषा और लोक-शक्ति में निहित है। भाजपा कार्यकर्ता उनके इस 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला मंत्री अमरेश कुमार, अनुग्रह नारायण, आईटी सेल संयोजक अमित शान, मनस्वी शर्मा, आलोक रंजन और विकास कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के नये कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**हरनौत ( नालंदा ) ( आससे )।** स्थानीय नगर पंचायत के हनुमान नगर मुहल्ले में नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के नए कार्यालय का उद्घाटन रविवार को हरनौत के माननीय विधायक हरिनारायण सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह कार्यालय हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में नई पहचान और बेहतर अवसर प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

## मारपीट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शेखपुरा ( आससे )।** कसार थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के मसौढा धानु टोला निवासी बद्री चौहान के पुत्र राम. विलास चौहान के रूप में की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मारपीट के मामले में गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। इसी बीच पुलिस को उसके शराब के नशे में हंगामा करने की सूचना मिली। सूचना के सत्यापन के लिए पहुंची पुलिस ने उसे शराब के नशे में पाया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## रूपनचक गांव में घर में घुसकर मारपीट, महिला से छेड़छाड़ और जेवर लूटने का आरोप

**इस्लामपुर ( नालंदा ) ( संसू )।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रूपनचक गांव में घर में घुसकर मारपीट, महिला के साथ दुर्व्यवहार, जानलेवा हमला और लाखों रुपये के जेवरात लूटने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना 24 अक्टूबर 2026 की शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है। पीड़िता ने जैतीपुर गांव के कुछ नामजद लोगों समेत करीब 20 अज्ञात व्यक्तियों पर हथियारों से लैस होकर घर पर हमला करने, गोलीबारी करने, परिजनों के साथ मारपीट करने और करीब 10 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूटने का आरोप लगाया है।

थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, रूपनचक गांव निवासी सुरेंद्र चौहान की पत्नी घटना के समय अपने पति और बच्ची के साथ घर के दरवाजे पर बैठी थीं। इसी दौरान जैतीपुर गांव निवासी प्रमोद चौधरी, सूरज चौधरी, चंदन चौधरी और जीतन चौधरी समेत अन्य लोग वहां पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि उनके साथ करीब 20 अज्ञात व्यक्ति भी थे, जिनके हाथों में पिस्टल, राइफल और लोहे के रॉड थे। आरोपितों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने लगे। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सूरज चौधरी ने मारपीट करते हुए उनके कान से सोने की बाली छीन ली, जिससे उनका कान भी फट गया। वहीं, प्रमोद चौधरी पर बाल पकड़कर घसीटने और कपड़े खोलकर इज्जत लूटने का प्रयास किया। शोर सुनकर घर के अंदर से पीड़िता के दामाद उन्हें बचाने पहुंचे तब प्रमोद चौधरी ने बंदूक के कुंदे से, जबकि चंदन चौधरी ने लोहे के रॉड से हमला किया। अन्य लोगों पर कमरबंद से मारपीट कर जानलेवा हमला करने का भी आरोप लगाया गया है, जिससे दामाद घायल हो गए।

इसके बाद घर में रखे एक ट्रंक, सात बक्सों तथा एक स्टील की अलमारी को तोड़ दिया। इनमें उनकी बेटी और पुत्रवधू के सोने-चांदी के आभूषण रखे हुए थे। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सभी आभूषणों की कीमत करीब 10 लाख रुपये थी, जिन्हें आरोपित लूटकर ले गए। हमलावरों ने दरवाजे पर लगी सोलर लाइट की प्लेट और वहां खड़ी दो मोटरसाइकिलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद पीड़िता के पति गांव में जाकर शोर मचाने लगे और ग्रामीणों को बुलाने का प्रयास किया। इसी दौरान जोगेंद्र चौहान मौके पर पहुंचे और बदमाशों को ललकारा। इसके बाद आरोपित कथित तौर पर फायरिंग करते हुए वहां से भाग निकले। भागने के दौरान सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर की बैटरी भी खोलकर ले गये। पीड़िता ने इस्लामपुर थानाध्यक्ष से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने, परिवार को सुरक्षा प्रदान करने और लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद कराने की मांग की है। मामले में पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई तथा आरोपों की आधिकारिक पुष्टि की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे भारत-न्यूजीलैंड रग्बी फुटबॉल मैच का शुभारंभ

**राजगीर ( नालंदा ) ( आससे )।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार 27 अक्टूबर को हेलीकॉप्टर से राजगीर पहुंचेंगे। यहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी फुटबॉल मैच का शुभारंभ करेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रग्बी संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस ऐतिहासिक मुकाबले का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, ग्रामीण विकास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार समेत कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री के आगमन और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता और डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई है। प्रशासन के अनुसार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एथलेटिक्स ग्राउंड और फुटबॉल मैदान सहित आयोजन स्थल के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा के विशेष इंतजाम रहेंगे। बिना पास या सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रवेश वर्जित रहेगा। इस अवसर पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन के गाइडलाइन के विपरीत कार्य करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। प्रशासन आयोजन के दौरान सुरक्षा, यातायात और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

## ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हरनौत ( नालंदा ) ( संसू )।** स्थानीय थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना के पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रांची रोड किनारे स्थित लोयला स्कूल के समीप से दो युवकों को 10 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों युवकों की पहचान हरनौत निवासी पवन कुमार (24) और सबनहुआ डीह निवासी मुन्ना कुमार (26) के रूप में हुई है। हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत हरनौत थाना पुलिस ने लोयला स्कूल के निकट कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से 10 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई।

## पान की गुमटी से 96.94 ग्राम गांजा के साथ दुकानदार गिरफ्तार

**शेखपुरा ( आससे )।** टाउन थाना पुलिस ने नगर क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरिहिंडा बस स्टैंड के समीप एक पान की गुमटी से 96.94 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दुकानदार की पहचान महादेव नगर मोहल्ला निवासी सुभाष लाल के रूप में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचल निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बस स्टैंड के सामने स्थित एक पान की गुमटी से गांजा की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान काले रंग की प्लास्टिक में रखी गांजा की 23 पुड़िया बरामद की गईं। जब्त गांजे का वजन करने पर वह 96.94 ग्राम पाया गया। इसके अलावा दुकानदार के हाफ पैंट की जेब से वीवो कंपनी का एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी अभियान में शंभू कुमार, संतोष कुमार, आकाश कुमार और मुक. ेश कुमार सहित गश्ती दल के अन्य सदस्य शामिल थे। पुलिस के अनुसार, जिले में युवाओं के बीच सूखे नशे के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गश्ती दलों को संदिग्ध दुकानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

## बाइक खड़ी करने के विवाद के बाद बदमाशों ने आधा दर्जन मोटरसाइकिल को किया क्षतिग्रस्त

**शेखपुरा ( आससे )।** कुसुम्भा थाना क्षेत्र के कुसुम्भा बेलदरिया गांव में बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में करीब आधा दर्जन मोटरसाइकिलों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के बाद गांव में मामले को लेकर चर्चा होने लगी। हालांकि, बाइक क्षतिग्रस्त करने वालों की पहचान नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव में एक घर के समीप बाइक खड़ी करने के दौरान कुछ लोगों के बीच विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और इस दौरान कई मोटरसाइकिलों को नुकसान पहुंचाया गया। देवपुरी गांव निवासी शंकर कुमार ने बताया कि उन्होंने भी वहां अपनी बाइक खड़ी की थी। विवाद के दौरान उनकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। हालांकि, उनकी बाइक को किसने नुकसान पहुंचाया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं मिल सकी है।

**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2026**
***for* BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/07 Dated : 24.10.2026**

**NOTICE for Online Application & Choice Filling (Round-3)**

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Round-3 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling [UGMAC(Ayush)]-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/01 & 2026/02 Dated 18.09.2026, 2026/03 Dated 26.09.2026 and 2026/04 Dated 09.10.2026 and are not admitted in any Ayush Colleges of India, for admission to the first year UG Ayush Medical Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2026 Online Round-2 Counselling held from 22.10.2026 to 23.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-19 of the Adv.No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 dated 24.10.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Round-2 Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in** . If any further vacancies due to resignation etc. arise, the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application Form-cum-Choice Filling/ Editing of Application form data / Editing of Choices / Consent (Round-3) will start from **28.10.2026.**

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the prospectus of UGMAC(Ayush)-2026 and **Advertisement No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 dated 24.10.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

**Controller of Examination**

## दो गुटों के बीच हुई मारपीट में तीन जख्मी

**थरथरी ( नालंदा ) ( संसू )।** थरथरी थाना क्षेत्र के बस्ता पर गांव में शनिवार सुबह गाली-गलौज को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें तीन लोगों के जख्मी होने की सूचना है। मामले में दोनों पक्षों की ओर से दिए गए आवेदन के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पहले पक्ष की बुधनी देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि शनिवार सुबह वह परिवार के साथ घर पर बैठी थीं। इसी दौरान गांव के छोटू चौहान गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर इंदु देवी और सौरभ कुमार ने मारपीट की। उन्होंने गले से मंगलसूत्र छीनने और संदूक से नकदी चोरी करने का भी आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष की इंदु देवी, पति छोटू चौहान ने आरोप लगाया कि वह घर के पास थीं, तभी दारा चौहान गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने उनके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई।

## ब्राह्मण सेवा संघ के महासम्मेलन में एकजुटता और विकास का संकल्प

**बिहारशरीफ।** शहर के टाउन हॉल में रविवार को भारतीय ब्राह्मण सेवा संघ का महासम्मेलन आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करना, अधिकारों की रक्षा करना और नई पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनाना था। सम्मेलन में शिक्षा, रोजगार, आर्थिक चुनौतियों, सामाजिक सम्मान और संगठन की मजबूती पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान वक्ताओं ने आपसी मतभेद भुलाकर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने की जोरदार अपील की। गुलाब हरी संस्कृत महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. चंद्रमणि पांडे ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा लोगों को जोड़ने की भूमिका निभाई है। उन्होंने परंपराओं और संस्कारों को सहेजते हुए शिक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। वहीं, श्रोत्रिय कल्याण संगम के प्रदेश अध्यक्ष विनोद पांडे ने समाज में बढ़ रहे बिखराव को दूर कर सभी को एक मंच पर आने का आह्वान किया। धार्मिक न्यास बोर्ड के सलाहकार ब्रजेश मिश्र ने शिक्षा, रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता को समाज की सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया।




सम्मेलन में जरूरतमंद परिवारों की मदद करने, युवाओं को संगठन से मजबूती के साथ जोड़ने और सरकार के समक्ष समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने इस बात पर भी बल दिया कि केवल सम्मेलन आयोजित करने से बदलाव नहीं आएगा, बल्कि लिए गए संकल्पों को जमीन पर उतारना बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य चाणक्य की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसकी अध्यक्षता कृष्ण वल्लभ पांडे ने की, जबकि संचालन पुरुषोत्तम पांडे ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता मृत्युंजय नाथ गोपाल, अरुण कुमार पांडे, परमानंद पाठक, अविनाश पांडे, पंकज पांडे और आचार्य बालकृष्ण शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सांपों के सुरक्षित रेस्क्यू के लिए शुरू हुई सर्प मित्र पहल

**बिहारशरीफ।** घर, खेत या बस्ती में सांप दिखने पर घबराहट में उन्हें मारने के बजाय प्रशिक्षित रेस्क्यूअर की मदद लेने से इंसान और सांप दोनों की जान बचाई जा सकती है। इसी उद्देश्य के साथ मगध नेचर कंजर्वेशन ट्रस्ट (एमएनसीटी) द्वारा नालंदा में 'सर्प मित्र पहल' चलाई जा रही है। सितंबर 2025 में शुरू हुई इस पहल के तहत नालंदा, नवादा और पटना जिलों में कुल 17 सर्प मित्र सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिन्होंने पिछले एक वर्ष के दौरान 250 से अधिक सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू किया है। नालंदा वन प्रमंडल और बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान (बीआईपीएसए) के सहयोग से संचालित इस नेटवर्क में सपेरा और नट समुदाय के पारंपरिक रूप से अनुभवी लोगों को शामिल किया गया है। उनके पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक प्रजाति पहचान और सुरक्षित रेस्क्यू तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत जिले के 10 प्रखंडों में 14 रेस्क्यू किट उपलब्ध कराई गई हैं, साथ ही गांवों और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में हर साल सर्पदंश से बड़ी संख्या में मौतें होती हैं, जिससे बचने के लिए सतर्कता बरतना और झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वासों से दूर रहकर समय पर अस्पताल पहुंचना बेहद जरूरी है। इसके अलावा, सांप पर्यावरण और खेतों के लिए बेहद उपयोगी हैं, जो चूहों की संख्या नियंत्रित कर फसलों की रक्षा करते हैं। अभियान प्रमुख राहुल कुमार ने सर्प मित्रों के लिए उचित सम्मान, न्यायसंगत पारिश्रमिक और आजीविका के स्थायी अवसरों की भी वकालत की है।

## अलग-अलग स्थानों पर छापामारी में शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**शेखपुरा ( आससे )।** जिले में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग और पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 30 लीटर देसी शराब बरामद की। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने एक कारोबारी को गिरफ्तार किया, जबकि करंडे थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई के दौरान शराब निर्माण में शामिल कारोबारी फरार हो गया। इस संबंध में उत्पाद थानाध्यक्ष सह उत्पाद निरीक्षक अमित आनंद ने बताया कि उत्पाद दरोगा अजय कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने गुप्त सूचना के आधार पर सदर प्रखंड के मेहुस गांव में कारवाई की।

## भदौसी गांव में जागरूकता शिविर लगाकर समझाई गयी स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली

**शेखपुरा ( आससे )।** आम जनमानस को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को घाटकुसुंभा प्रखंड के भदौसी गांव में एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकार के अधिवक्ता पंकज कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों को स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली और उससे मिलने वाली जनोपयोगी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिवक्ता ने ग्रामीणों को बताया कि बिजली बिल में गड़बड़ी, पेयजल संकट, स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी, बीमा विवाद, टेलीफोन और परिवहन से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लोग स्थायी लोक अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। जिला मुख्यालय स्थित न्यायालय परिसर में संचालित इस अदालत में आवेदन देकर बिना किसी खर्च के मामलों का निपटारा कराया जा सकता है, जिससे लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी।

**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

सत्यमेव जयते

**केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) संख्याः 08/2026**

**(सांकेतिक सूचना)**

**स्टेशन मास्टर पदों के लिए भर्ती**

पात्र अभ्यर्थियों से स्टेशन मास्टर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए। **(https://www.rrbapply.gov.in)**

**आवेदन आरम्भ होने की तिथि** : 27.10.2026 (अनंतिम)
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** : 25.11.2026 23:59 बजे तक (अनंतिम)

| पद के नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | चिकित्सा मानक | दिनांक 01.01.2027 को आयु | अनंतिम रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|
| स्टेशन मास्टर | पे लेवल-6 | विस्तृत सीईएन के अनुसार | विस्तृत सीईएन के अनुसार | 1250 (अनुमानित) |

**नोट:** 1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण को सत्यापित कर लें, ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में होने वाली विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा एवं विलंब से बचा जा सके।

2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए, आधार में दर्ज नाम एवं जन्म तिथि को 10 वीं कक्षा के उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र में अंकित पूरा नाम एवं जन्म तिथि से 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार में नवीनतम फोटो एवं नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट एवं आइरिस) के साथ अपडेट करना होगा।

3. यह सूचना केवल सांकेतिक प्रकृति की है जिसे संभावित अभ्यार्थियों को आगामी विस्तृत सीईएन (CEN) के बारे में सूचित करने तथा आवेदन हेतु आवश्यक प्रमाण-पत्रों /दस्तावेजों को तैयार रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियमों, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएं एवं अन्य आवश्यकताएं पूर्णतः विस्तृत सीईएन संख्या 08/2026 (साथ ही समय-समय पर जारी किए जाने वाले शुद्धिपत्र सहित) के अनुसार ही मान्य होंगी, जो विशेष रूप से सभी आरआरबी की एकीकृत वेबसाइट **https://rrb.indianrailways.gov.in** पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थी इस एकीकृत वेबसाइट से अलग-अलग आरआरबी के वेबपेज पर जा सकते हैं।

सं०- आरआरबी/पैट/08-26/स्टेशन मास्टर/2026/09
दिनांक- 25/10/2026
पीआर/1188/आरआरबी/एमएचएक्स/आरआरबी/नोटिफिकेशन/26-27/156

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

**"जालसाजों, दलालों एवं नौकरी दिलाने का झांसा देने वालों से सावधान रहे"**